भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1156

01.08.2024 को उत्तर के लिए

कारखानों द्वारा पर्यावरणीय प्रदूषण

1156. श्री नीरज डांगी:

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां, कारखाने समग्र रूप से वायु, जल और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में सरकार को इस संबंध में प्राप्त शिकायतों का कारखाना-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख):

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों/प्रदूषण नियंत्रण समितियों (एसपीसीबी/पीसीसी) के साथ मिलकर पर्यावरण प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण करने के लिए जल (निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों को लागू कर रहा है। सीपीसीबी, प्रदूषण सूचकांक (पीआई), जिससे जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और खतरनाक अपशिष्ट उत्पादन की संभावना का पता चलता है, के आधार पर उद्योगों को लाल, नारंगी, हरा और सफेद श्रेणियों में वर्गीकृत करता है, और इसे संबंधित एसपीसीबी/पीसीसी द्वारा लागू किया जाता है। तदनुसार, एसपीसीबी/पीसीसी द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में इकाइयों को स्थापित/संचालित करने के लिए सहमति जारी की जाती है। एसपीसीबी/पीसीसी बहिस्राव और उत्सर्जन निस्सरण मानकों के अनुपालन की निगरानी भी करते हैं। अनुपालन न करने की स्थिति में इकाई के विरुद्ध जल अधिनियम, 1974, वायु अधिनियम, 1981 तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाती है।

एसपीसीबी/पीसीसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश में कुल 5,26,691 परिचालन इकाइयां (प्रदूषण की संभावना वाली) हैं, जिनमें लाल, नारंगी और हरी श्रेणियां शामिल हैं।

पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के मामले में, जैसा उचित समझा जाए, कारण बताओ नोटिस जारी करने/बंद करने के निदेश जैसी कार्रवाइयां की जाती हैं।

(ग):

पिछले तीन वर्षों के दौरान सीपीसीबी में प्राप्त शिकायतों की राज्यवार संख्या **अनुबंध -I** में संलग्न है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वायु, जल और पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले रासायनिक उद्योगों के संबंध में कारखाना-वार और राज्यवार सूची **अनुबंध -II** में संलग्न है। बूचड़खानों, डेयरी और टेनरियों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सूची **अनुबंध -III** में संलग्न है। कृषि आधारित उद्योगों के संबंध में प्राप्त शिकायतों का राज्यवार विवरण **अनुबंध -IV** में संलग्न है।

(घ):

सरकार ने औद्योगिक इकाइयों द्वारा होने वाले प्रदूषण के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए कई विनियामक उपाय किए हैं। उठाए गए/उठाए जा रहे उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी), भारत सरकार ने पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986 की अनुसूची-I के अंतर्गत "विभिन्न उद्योगों से पर्यावरणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन या निस्सरण के लिए मानक" अधिसूचित किए हैं। अब तक, 79 उद्योग विशिष्ट पर्यावरणीय मानक अधिसूचित किए जा चुके हैं। जिन औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विशिष्ट मानक उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986 की अनुसूची-VI के अंतर्गत यथा अधिसूचित सामान्य मानक लागू हैं।

(ii) सीपीसीबी ने एसपीसीबी/पीसीसी को निर्देश दिया है कि वे पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन के सत्यापन के लिए 6 महीने, 1 वर्ष और 2 वर्ष की न्यूनतम निरीक्षण आवृत्ति पर लाल, नारंगी और हरे रंग की श्रेणियों के उद्योगों का निरीक्षण करें। इसके अलावा, एसटीपी, सीईटीपी, सीबीएमडब्ल्यूटीएफ आदि जैसी साझा अपशिष्ट प्रबंधन/शोधन केन्द्र और प्रदूषण की अधिक संभावना वाले उद्योगों की 17 श्रेणियों का एसपीसीबी/पीसीसी द्वारा तिमाही आधार पर निरीक्षण किया जाना है।

(iii) सीपीसीबी ने 07.11.2014 को सतत बहिस्राव निगरानी तंत्र संबंधी दिशानिर्देश और जुलाई 2017 में सतत उत्सर्जन निगरानी तंत्र के लिए दिशानिर्देश प्रकाशित किए हैं। इसके अलावा, सतत उत्सर्जन निगरानी तंत्र के लिए पहले संशोधित दिशानिर्देश अगस्त 2018 में प्रकाशित किए गए हैं और तदुपरांत 04.09.2020 को इनमें संशोधन किया गया है।

(iv) इसके अलावा, सीपीसीबी ने अत्यधिक प्रदूषण की संभावना वाले उद्योगों की सभी 17 श्रेणियों, गंगा बेसिन के अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योगों और साझा अपशिष्ट शोधन सुविधाओं को, निगरानी तंत्र को मजबूत करने और स्व-नियामक तंत्र तथा प्रदूषण के स्तरों पर निरंतर निगरानी रखने के माध्यम से प्रभावी अनुपालन के लिए ऑनलाइन सतत बहिस्राव/उत्सर्जन निगरानी तंत्र (ओसीईएमएस) स्थापित करने का निर्देश दिया है। उत्पन्न उद्योग बहिस्राव के पर्यावरणीय प्रदूषकों और उत्पन्न उत्सर्जन के रीयल टाइम के मूल्यों को ओसीईएमएस के माध्यम से सीपीसीबी और संबंधित एसपीसीबी/पीसीसी को 24x7 आधार पर ऑनलाइन प्रेषित

किया जाता है। केंद्रीय सॉफ्टवेयर डेटा को प्रसंस्कृत करता है और यदि प्रदूषक पैरामीटर का मान निर्धारित पर्यावरणीय मानदंडों से अधिक है, तो स्वचालित एसएमएस अलर्ट तैयार होता है और औद्योगिक इकाई, एसपीसीबी और सीपीसीबी को भेजा जाता है, ताकि उद्योग द्वारा तत्काल सुधारात्मक उपाय किए जा सकें और संबंधित एसपीसीबी/पीसीसी/सीपीसीबी द्वारा उचित कार्रवाई की जा सके।

(v) सीपीसीबी 17 श्रेणियों के उद्योगों और साझा अपशिष्ट शोधन केन्द्रों का निरीक्षण-सह-निगरानी करता है, जिन्हें इन उद्योगों में स्थापित ऑनलाइन सतत बहिस्राव/उत्सर्जन निगरानी तंत्रों (ओसीईएमएस) के माध्यम से उत्पन्न एसएमएस अलर्ट के आधार पर यादृच्छिक रूप से चुना जाता है। यदि इनमें गैर-अनुपालन पाया जाता है तो, पर्यावरण अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार, जैसा उचित हो, कार्रवाई की जाती है।

(vi) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण समितियों/प्रदूषण नियंत्रण समितियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार औद्योगिक उत्सर्जन/बहिस्राव निस्सरण और अन्य संचालन गतिविधियों के अनुपालन की नियमित निगरानी की जाती है।

(vii) गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्रों की पहचान की गई है और इन क्षेत्रों में पर्यावरण की बहाली के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।

(viii) उद्योगों को समयबद्ध तरीके से आवश्यक प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित करने का निदेश दिया गया है।

(ix) जल गहन उद्योगों जैसे कि आसवनी, लुगदी एवं कागज, चमड़ा उद्योग आदि के लिए चार्टर।

(x) स्वच्छ/सर्वोत्तम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया है।

(xi) कपड़ा, बल्क ड्रग, आसवनी आदि में शून्य तरल निस्सरण (जेडएलडी) का कार्यान्वयन।

*****

अनुबंध-I

वर्ष 2021-2024 के दौरान सीपीसीबी में प्राप्त शिकायतों की राज्यवार संख्या

क्रम सं.	राज्य	2021-2022	2022-2023	2023-2024
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	03	03	01
2.	आंध्र प्रदेश	08	27	24
3.	अरुणाचल प्रदेश	00	00	00
4.	असम	05	20	17
5.	बिहार	20	25	25
6.	चंडीगढ़	02	03	03
7.	छत्तीसगढ	13	34	26
8.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	03	02	01
9.	दिल्ली	34	96	56
10.	गोवा	03	02	03
11.	गुजरात	35	86	68
12.	हरियाणा	13	15	15
13.	हिमाचल प्रदेश	05	06	10
14.	जम्मू और कश्मीर	01	09	08
15.	झारखंड	11	३१	16
16.	कर्नाटक	18	54	28
17.	केरल	14	32	19
18.	लद्दाख	00	01	00
19.	लक्षद्वीप	00	00	00
20.	मध्य प्रदेश	07	09	19
21.	महाराष्ट्र	18	74	61
22.	मणिपुर	01	00	01
23.	मेघालय	00	00	02
24.	मिजोरम	00	00	00
25.	नगालैंड	00	01	03
26.	ओडिशा	15	27	25
27.	पांडिचेरी	१३	04	02
28.	पंजाब	22	37	31
29.	राजस्थान	20	19	29
30.	सिक्किम	00	00	00
31.	तमिलनाडु	15	33	19
32.	तेलंगाना	14	38	24
33.	त्रिपुरा	00	00	02
34.	उत्तर प्रदेश	49	15	87
35.	उत्तराखंड	25	12	25
36.	पश्चिम बंगाल	30	31	38
	कुल	**417**	**746**	**688**

अनुबंध -।।

रासायनिक उद्योगों के संबंध में सीपीसीबी को प्राप्त शिकायतों की कारखाना-वार और राज्यवार सूची

क्र.सं.	इकाई का नाम	राज्य	तारीख
1.	मेसर्स डेक्कन केमिकल्स, मेसर्स हेटेरो केमिकल्स	आंध्र प्रदेश	13/06/2023
2.	मेसर्स टेथिस केम प्राइवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ	2/7/2024
3.	मेसर्स श्याम केमिकल्स	छत्तीसगढ	19/03/2024
4.	मेसर्स भारत पेट्रोलियम	दिल्ली	1/5/2023
5.	मेसर्स ओएनजीसी पाइपलाइन	गुजरात	8/6/2023
6.	मेसर्स ओनिरोलाइफकेयर लिमिटेड	गुजरात	29/02/2024
7.	मैसर्स ओरिएंटल एरोमैटिक लिमिटेड नंदेसरी जीआईडीसी वडोदरा, गुजरात	गुजरात	30/01/2024
8.	मेसर्स दीपक नाइट्राइट लिमिटेड, नंदेसरी जीआईडीसी वडोदरा, गुजरात	गुजरात	30/01/2024
9.	मेसर्स ग्रासिम इंडस्ट्री, विलायत प्लांट ग्रासिन	गुजरात	15/01/2024
10.	मेसर्स अतुल लिमिटेड, वलसाड	गुजरात	23/04/2024
11.	मेसर्स पनोली इंटरमीडिएट प्राइवेट लिमिटेड, जीएसपी क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड और मेघामी लिमिटेड	गुजरात	27/12/2021
12.	मेसर्स कनेरियाप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स कनेरिया बिल्डिंग केमिकल प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात	10/6/2021
13.	मेसर्स दीपक नाइट्राइट लिमिटेड, जीएसपी क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड, और ओरिएंटल एरोमेटिक लिमिटेड, जीआईडीसी नंदेसरी	गुजरात	23/09/2022
14.	मेसर्स नंदेसरी फर्टिलाइजर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात	18/10/2022
15.	मेसर्स इशान डाइस एंड केमिकल्स लिमिटेड,	गुजरात	17/11/2022
16.	मैसर्स कोरोमंडल, सारीगाम जीआईडीसी, वलसाड	गुजरात	13/03/2023
17.	मैसर्स विलायत एवं सैखा इंडस्ट्रियल एस्टेट	गुजरात	26/05/2023
18.	मेसर्स पनोली इंटरमीडिएट प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात	16/15/2023
19.	मेसर्स केशवकुंज इंडस्ट्रीज एलएलपी	गुजरात	28/06/2023
20.	मेसर्स आर्कियन केमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड	गुजरात	28/18/2023
21.	मेसर्स नवीन फ्लोरीन इंटरनेशनल लिमिटेड बेस्टन सूरत	गुजरात	31/10/2023
22.	मेसर्स मादाजी ट्रेडर्स - सूरत सिटी	गुजरात	20/03/2024
23.	मेसर्स आईओसीएल, मेसर्स रिलायंस रिफाइनरी	गुजरात	19/04/2024

	और नंदेसरी जीआईडीसी		
24.	मेसर्स जगन्नाथ हैलोजन्स प्राइवेट लिमिटेड और जगन्नाथ साल्ट प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात	18/06/2024
25.	मैसर्स यशकेमेक्स, वटवा, गुजरात, मैसर्स श्रेयस पिग्मेंट्स, महाराष्ट्र, मैसर्स निर्भया पिग्मेंट्स, महाराष्ट्र, मैसर्स नाकोडा पिग्मेंट्स, छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश, मैसर्स हरियाणा पिग्मेंट्स, हरियाणा, मैसर्स नारायण इंडस्ट्रीज़, गुजरात, मैसर्स ए वन पिग्मेंट्स, गुजरात, मैसर्स ए वन फथालो पिग्मेंट्स, गुजरात, मैसर्स श्रीजी इंडस्ट्रीज, खंभात	गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश	27/02/2023
26.	मेसर्स अरोमा एरोमेटिक्स एंड फ्लेवर्स, नालागढ़ , जिला सोलन	हिमाचल प्रदेश	12/2/2024
27.	मेसर्स सावरैया पॉलिमर्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जय भारत पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर 211, एचएसआईआईडीसी, मानकपुर, फेज-I, यमुना नगर, हरियाणा	हिमाचल प्रदेश	15/12/2023
28.	मेसर्स राजेश केमिकल प्राइवेट लिमिटेड	झारखंड	2/1/2024
29.	मेसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) सिंदरी	झारखंड	18/04/2024
30.	मेसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड - एट्टिका	केरल	10/11/2022
31.	मेसर्स बीपीसीएल - कोच्चि रिफाइनरी	केरल	28/02/2024
32.	मेसर्स बीपीसीएल-पीडीपीपी - कक्कड़ कारा	केरल	12/6/2024
33.	मेसर्स ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई जिला शहडोल / अनूपपुर मध्य प्रदेश-484117	मध्य प्रदेश	28/02/2024
34.	मेसर्स सोबोनियो केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, मेसर्स समृद्धि केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	14/08/2023
35.	मेसर्स गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड अहमदनगर	महाराष्ट्र	8/5/2023
36.	मेसर्स एस्टरिक्स रीइनफोर्समेंट लिमिटेड	महाराष्ट्र	19/03/2024
37.	मेसर्स एरिस्टो इंडस्ट्रीज प्लॉट नंबर ई-5 एमआईडीसी तारापुर	महाराष्ट्र	9/1/2024
38.	मेसर्स सुप्रीम पेट्रोकेम लिमिटेड	महाराष्ट्र	18/04/2024
39.	मेसर्स महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड	महाराष्ट्र	5/9/2022
40.	मेसर्स दीपक फर्टिलाइजर्स - तलोजा , नवी मुंबई	महाराष्ट्र	19/03/2024

41.	मेसर्स यशकेमेक्स आईएनसी (पूर्व में संतोषी पिगमेंट्स इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता था)	महाराष्ट्र	16/05/2024
42.	मेसर्स सोलारा एक्टिव फार्मा साइंसेज और स्ट्राइड्स शासुन लिमिटेड फैक्ट्री की रिकवरी यूनिट	पुदुचेरी	24/11/2024
43.	मेसर्स पीसीसीपीएल इंडस्ट्री	पंजाब	17/05/2024
44.	मेसर्स पैराबोलिक ड्रग्स लिमिटेड, पंजाब	पंजाब	19/01/2024
45.	मेसर्स भारत केमिकल्स, पंजाब	पंजाब	19/01/2024
46.	मेसर्स सौरव केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड सैदपुरा	पंजाब	26/09/2023
47.	मेसर्स आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड	पंजाब	14/08/2023
48.	मेसर्स वेदांतमंगला ऑयल एंड गैस	राजस्थान	10/8/2023
49.	मेसर्स नेशनल कोटर्स, कैपब्रोस प्राइवेट लिमिटेड	राजस्थान	6/6/2024
50.	मेसर्स साउदर्न पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड	तमिलनाडु	27/12/2023
51.	मेसर्स सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड	तमिलनाडु	13/05/2024
52.	मेसर्स टाटा केमिकल्स	तमिलनाडु	12/7/2022
53.	मेसर्स सीपीसीएल रिफाइनरी	तमिलनाडु	19/12/2023
54.	मेसर्स टीएफएल क्विन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद	तेलंगाना	3/1/2024
55.	मेसर्स नैटको फार्मा लिमिटेड, मेसर्स एनडीएल इंफ्रा टेक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स पोकराना इंजीनियरिंग स्टोन लिमिटेड, मेसर्स माइक्रोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड	तेलंगाना	12/4/2023
56.	मेसर्स आरएओएस लैबोरेटरीज, हेज़ेलो लैब्स, ऑप्टिमस लैबोरेटरीज, आर्किमिडीज़ लैबोरेटरीज, ब्रुंडावन लैबोरेटरीज, केमिक लैबोरेटरीज, एसआर लैबोरेटरीज, रिशोन लैबोरेटरीज, वीजे साई केम इंडस्ट्रीज	तेलंगाना	5/3/2024
57.	मेसर्स एलटीआर लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में एलीट फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड)	तेलंगाना	4/3/2024
58.	मेसर्स पीरामल फार्मा प्रा. लिमिटेड, दिगवाल-502321, कोहिर मंडल, संगारेड्डी जिला, तेलंगाना	तेलंगाना	16/11/2023
59.	मेसर्स अल्किमिया फार्मा केम प्राइवेट लिमिटेड	तेलंगाना	12/12/2023

60.	मेसर्स विविन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, तेलंगाना	तेलंगाना	13/05/2024
61.	मेसर्स श्री जया लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और विनीत लेबोरेटरी प्राइवेट लिमिटेड	तेलंगाना	25/06/2024
62.	मेसर्स अपिटोरिया फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, बोरपाटला (गांव), हथनूरा (मंडल), संगारेड्डी (जिला), तेलंगाना	तेलंगाना	15/07/2024
63.	मेसर्स एमबी पेंट्स एंड केमिकल्स	तेलंगाना	8/6/2023
64.	मेसर्स टीएफएल क्विन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	तेलंगाना	28/07/2023
65.	मेसर्स श्री सीताराम दास कॉर्पोरेशन एंड ट्रश केमिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	उत्तर प्रदेश	26/10/2022
66.	मेसर्स खेतान केमिकल फर्टिलाइजर कंपनी	उत्तर प्रदेश	10/6/2024
67.	मेसर्स जुबिलैंट इंग्रीविया लिमिटेड, गजरौला, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	4/6/2024
68.	मेसर्स केसोराम रेयॉन फैक्ट्री	पश्चिम बंगाल	22/06/2023

अनुबंध- III

बूचड़खानों, डेयरी एवं टेनरियों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सूची

क्र.सं.	उद्योग का नाम	राज्य	शिकायत का विवरण
1.	बूचड़खाने और मांस बेचने वाली इकाइयाँ	मध्य प्रदेश	संचालन सहमति (सीटीओ)/अनुमति के बिना संचालन करना
2.	बूचड़खाना	बिहार	अवैध बूचड़खाना और मांस प्रसंस्करण इकाई
3.	मांस की दुकानें	तमिलनाडु	अवैध मांस की दुकानों द्वारा पशुओं का वध
4.	अवैध मांस की दुकानें	दिल्ली	रिहायशी इलाकों में चल रही हैं अवैध मांस की दुकानें
5.	अवैध मांस की दुकानें	उत्तर प्रदेश	पीलीभीत रेलवे स्टेशन के पास अवैध मांस की दुकानें चल रही हैं
6.	बूचड़खाने और मांस बेचने वाली इकाइयाँ	पंजाब	अवैध बूचड़खाना और मांस प्रसंस्करण इकाई
7.	मेसर्स दिल्ली फूड प्रोसेसिंग कॉम्प्लेक्स (मांस) एमसीडी	दिल्ली	इकाई को नारंगी श्रेणी के अंतर्गत संचालन की सहमति जारी की गई
8.	देश में संचालित सभी बूचड़खाने	हरियाणा	देश में चल रहे सभी बूचड़खानों को बंद किया जाए
9.	अस्थि प्रसंस्करण इकाई	कर्नाटक	यूनिट से खतरनाक एवं कैंसरकारी गैसें निकलती हैं
10.	बूचड़खाने	दिल्ली	रिहायशी इलाकों में अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं
11.	बोन फैक्ट्री का अवैध संचालन (पीसीबी द्वारा सील)	कर्नाटक	बोन फैक्ट्री प्रसंस्करण इकाई का अवैध संचालन (पीसीबी द्वारा सील)
12.	मेसर्स मॉडर्न एबटॉयर, मीट प्रोसेसिंग और रेंडरिंग यूनिट	कर्नाटक	इकाई के अवैध संचालन से होने वाला प्रदूषण
13.	मेसर्स राधिका नगर स्लॉटर हाउस	छत्तीसगढ	माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करना
14.	मेसर्स राधिका नगर स्लॉटर हाउस	छत्तीसगढ	माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन न करना
15.	मांस की दुकानें	गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	मांस की दुकानों/प्रतिष्ठानों का अवैध संचालन और प्रसार
16.	अवैध मत्स्य पालन तालाब	फैजाबाद , उत्तर प्रदेश	अवैध रूप से तालाब खोदकर मछली पालन
17.	अवैध बूचड़खाने	दिल्ली	दिल्ली के गांधी नगर स्थित कैलाश नगर में अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं
18.	मेसर्स मारिया फ्रोजन एग्रो फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	बरेली, उत्तर प्रदेश	अवैध बूचड़खाने के संचालन से होने वाला प्रदूषण
19.	मेसर्स फीडप्रो हैचरिज एंड फर्म्स प्राइवेट लिमिटेड	अलीगढ़, उत्तर प्रदेश	यूपीपीसीबी द्वारा जारी संचालन सहमति के विरुद्ध
20.	मेसर्स एग्रो फीड्स फैक्ट्री	तेलंगाना	मेसर्स एग्रो फीड्स फैक्ट्री द्वारा उत्पन्न प्रदूषण
21.	मेसर्स अल्लाहना फूड प्रोसेसिंग कंपनी.	अलीगढ़, उत्तर प्रदेश	मेसर्स अल्लाहना फूड प्रोसेसिंग कंपनी द्वारा उत्पन्न प्रदूषण

22.	सी फूड फैक्ट्रीज	पश्चिम बंगाल	फरीदपुर बस स्टॉप के पास स्थित सी फूड फैक्ट्रियों से हो रहा वायु प्रदूषण
23.	मेसर्स अल- कबीर एक्सपोर्ट्स	तेलंगाना	शवों के निपटान के संबंध में स्वच्छता नियमों के खुले उल्लंघन के कारण पर्यावरण प्रदूषण ।
24.	झींगा फार्म	तमिलनाडु	औरीवक्कम गांव में झींगा फार्म का समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है
25.	बूचड़खाने	हरियाणा	नूंह में संचालित बूचड़खानों द्वारा नियमों का उल्लंघन
26.	हैचरी	आंध्र प्रदेश	सीआरजेड क्षेत्र में स्थापित हैचरी को हटाया जाए जाएगा, क्योंकि इनमें से कई हैचरी बिना पूर्व मंजूरी के प्रतिबंधित अंतरज्वारीय जल क्षेत्र में संचालित हो रही है।
27.	मेसर्स देवी फिशरीज लिमिटेड	आंध्र प्रदेश	मत्स्य पालन से होने वाला भूजल और वायु प्रदूषण
28.	फिश मील और स्क्रैप फिश प्रसंस्करण कारखाना	ओडिशा	फिश मील और स्क्रैप फिश प्रसंस्करण इकाई के कारण होने वाला प्रदूषण
29.	निषिद्ध क्षेत्रों में जलकृषि हैचरी	तमिलनाडु	निषिद्ध क्षेत्रों (जो उच्च ज्वार से 200 मीटर तक है) में सभी जलकृषि हैचरियों को हटाना
30.	आवासीय क्षेत्र में स्वीट मीट मैनुफैक्चरिंग इकाई	पश्चिम बंगाल	आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से स्थापित स्वीट मीट विनिर्माण इकाई से प्रदूषण
31.	मेसर्स ए.क्यू. फ्रोजन प्राइवेट लिमिटेड.	हरदोई , उत्तर प्रदेश	इकाई द्वारा उत्पन्न प्रदूषण
32.	गैरकानूनी और सबसे बदबूदार खारा - जल-जलकृषि तालाब	आंध्र प्रदेश	पूदीमदका पंचायत, अच्चितपुरम (एम), अनाकापल्ली जिले में गैरकानूनी और सबसे बदबूदार खारा-पानी-जलीय कृषि-तालाब
33.	प्रदूषित/अस्वास्थ्यकर मछली की बिक्री	झारखंड	धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 27 अंतर्गत हीरापुर-हटिया में दूषित खाद्य पदार्थ (मछली) की बिक्री
34.	मेसर्स अल- नावेद एग्रो फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	हरियाणा	इकाई द्वारा अनधिकृत एवं अवैध संचालन
35.	बूचड़खाना	महाराष्ट्र	बूचड़खाने से होने वाला प्रदूषण
36.	बूचड़खाना	आगरा, उत्तर प्रदेश	बूचड़खाने से होने वाला प्रदूषण
37.	मेमर्स एचएमए फूड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	आगरा, उत्तर प्रदेश	बूचड़खाने से होने वाला प्रदूषण
38.	मांस की दुकानें	महाराष्ट्र	मांस का खुले क्षेत्र में बिक्री करना
39.	एक्वा फार्म्स	आंध्र प्रदेश	तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) द्वारा जारी पंजीकरण के बिना अवैध रूप से संचालित खारे पानी के एक्वा फार्म
40.	मछली पैकिंग इकाइयाँ	केरल	ओरवंतुरुथ, वार्ड 15, वडक्केकरा पंचायत, मुथाकुन्नम गांव, परावुर तालुक, एर्नाकुलम जिला,

			केरल में स्थित पीलिंग शेड/प्रसंस्कृत मछली पैकिंग इकाई
41.	उत्तर प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं, पक्षियों आदि का वध	उत्तर प्रदेश	मांस की दुकानों में पशुओं/पक्षियों/मछलियों/अन्य प्राणियों का वध
42.	पुणे नगर निगम का बूचड़खाना	महाराष्ट्र	पुणे महानगरपालिका के बूचड़खाने से आ रही असहनीय दुर्गंध
43.	मेसर्स गवर्नमेंट स्लॉटर हाउस, हैदराबाद	तेलंगाना	सरकारी बूचड़खाने से होने वाला प्रदूषण
44.	बूचड़खाना	दिल्ली	पशु दुर्व्यवहार पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु
45.	बूचड़खाने	हरियाणा	हरियाणा के मेवात में संचालित बूचड़खानों की व्यवहार्यता की समीक्षा के लिए समिति का गठन
46.	बूचड़खाने	हरियाणा	मौलिक कर्तव्यों की स्थापना के लिए अधिदेश और उद्देश्य हेतु निर्देश जारी करना
47.	बूचड़खाने	हरियाणा	नूंह जिले (मेवात) में संचालित बूचड़खानों के सी.टी.ओ. का पुनर्मूल्यांकन करना।
48.	बूचड़खाने	हरियाणा	बूचड़खाने में पशुओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर निगरानी रखना
49.	बूचड़खाने	हरियाणा	एचएसपीसीबी द्वारा जारी संचालन सहमति (सीटीओ) को रद्द करना/निरस्त करना
50.	मेसर्स रेट्रो फुटवियर प्राइवेट लिमिटेड	दिल्ली	उत्पादन में साइनाइड का उपयोग
51.	टेनरियों का अवैध संचालन	पश्चिम बंगाल	कोलकाता शहर के पूर्वी छोर पर तंगरा, तिलजला, तोपसिया और पगलाडांगा क्षेत्रों में टैनरियों का अवैध संचालन (लगभग 550 संख्या)
52.	टेनरियों का अवैध संचालन	उत्तर प्रदेश	टेनरियों के अवैध संचालन से होने वाला प्रदूषण
53.	मेसर्स हबीब टेनरी	तमिलनाडु	इकाई के अवैध संचालन से होने वाला प्रदूषण
54.	टेनरियों का अवैध संचालन	उत्तर प्रदेश	टेनरियों के अवैध संचालन से होने वाला प्रदूषण
55.	टेनरियों का अवैध संचालन	पश्चिम बंगाल	कोलकाता शहर के पूर्वी छोर पर स्थित डांगा क्षेत्र में टांगरा, तिलजला, तोपसिया और पगला में टेनरियों का अवैध संचालन (लगभग 550 की संख्या)
56.	टेनरियों का अवैध संचालन	उत्तर प्रदेश	टेनरियों के अवैध संचालन से होने वाला प्रदूषण
57.	एचबीआर (एनवायरो कंट्रोल सिस्टम) में चमड़ा शोधन संयंत्र	कर्नाटक	एचबीआर (एनवायरो कंट्रोल सिस्टम) में चमड़ा शोधन संयंत्र को बंद करना
58.	बनास डेयरी (मेसर्स बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक)	गुजरात	बनास डेयरी से दुर्गंध आ रही है

अनुबंध- IV

कृषि आधारित उद्योगों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की सूची

2022-23			
क्र. सं.	**राज्य**	**प्राप्त शिकायतों की संख्या**	**सेक्टर**
1	महाराष्ट्र	05	04-चीनी,01-खाद्य एवं पेय
2	उत्तर प्रदेश	03	02-चीनी,01-कागज
3	कर्नाटक	02	01-चीनी, 01-खाद्य एवं पेय
4	हरियाणा	04	02-चीनी,02-डिस्टिलरी
5	गुजरात	10	06- कपड़ा 01-चीनी,03-कागज
6	पंजाब	02	01-वस्त्र,01-कागज
7	तमिलनाडु	02	01-टेक्सटाइल,01-डिस्टिलरी
8	दिल्ली	01	अन्य
9	आंध्र प्रदेश	02	01-वस्त्र,01-खाद्य एवं पेय
10	तेलंगाना	01	कागज़
	कुल	**32**	
2023-24			
1	महाराष्ट्र	07	03-चीनी,04-डिस्टिलरी
2	हरियाणा	03	01-चीनी 02-वस्त्र
3	उत्तर प्रदेश	08	03-चीनी 02-वस्त्र, 01-डिस्टिलरी, 02-कागज
4	तमिलनाडु	01	अन्य
5	कर्नाटक	02	01-चीनी,01-डिस्टिलरी
6	दिल्ली	01	वस्त्र
7	गुजरात	06	वस्त्र
8	पंजाब	05	01-टेक्सटाइल,04-डिस्टिलरी
9	पश्चिम बंगाल	02	01- कागज़ 01-डिस्टिलरी
10	तेलंगाना	02	01-डिस्टिलरी,01- कागज़
11	मध्य प्रदेश	04	02-डिस्टिलरी,02- कागज़
12	केरल	01	01-खाद्य एवं पेय
13	छत्तीसगढ	01	कागज़
14	ओडिशा	02	कागज़
15	आंध्र प्रदेश	01	कागज़
	कुल	**46**	
2024-25 (आज की तारीख तक)			

1	आंध्र प्रदेश	05	04- वस्त्र,01-डिस्टिलरी
2	गुजरात	08	07- वस्त्र,01-गुजरात
3	महाराष्ट्र	02	01-वस्त्र 01-बेकरी
4	पंजाब	02	01- वस्त्र,01-डिस्टिलरी
5	उत्तर प्रदेश	03	01-वस्त्र 01-चीनी,01-कागज
6	पश्चिम बंगाल	01	01-वस्त्र
7	उत्तराखंड	01	01- कागज़
8	हरियाणा	01	01- कागज़
	कुल	**23**	

****